# कार्यालय प्राचार्य
## नवीन शासकीय महाविद्यालय, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)

ई मेलः– gnc2023amlidih @gmail.com

फोन न. –7000773900


क्र / स्था / ....211........... / 2026

अमलीडीह रायपुर दिनांक 02.09.2026

परिशिष्ट – 01

### ,, अतिथि व्याख्याता एंव अन्य हेतु संक्षिप्त विज्ञापन ,,,
### (नवीन शासकीय महाविद्यालय, अमलीडीह, रायपुर, )

नवीन शासकीय महाविद्यालय, अमलीडीह जिला– रायपुर (छ.ग.) के ग्रंथपाल एंव क्रीड़ाधिकारी के रिक्त पदों के विरुद्ध पुस्तकालय / खेलकुद व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि ग्रंथपाल , अतिथि क्रीड़ाधिकारी , ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन दिनांक 16.09.2026 सायं 05 बजे तक प्राचार्य, नवीन शासकीय महाविद्यालय अमलीडीह रायपुर (छ.ग.) पिन 492001 के पते पर केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं/वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करे) प्रस्तुत कर सकते हैं।

### विशेष टीपः–

1. निर्धारित तिथि के पश्चात आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
2. चयन प्रक्रिया, अतिथि व्याख्याता नीति 2024 (यथा संशोधित 2026) के परिपालन में किया जावेगा।
3. आवेदक सील बंद लिफाफा के ऊपर
   - अ. महाविद्यालय का नाम :– नवीन शासकीय महाविद्यालय, अमलीडीह, रायपुर
   - ब. पद,
   - स. पता,
   - द. मो.नं. स्पष्ट अक्षरों में अनिवार्य रूप से लिखे।
4. रिक्त पदों की संख्या में आवश्यकतानुसार यथायोग्य परिवर्तन हो सकता है।
5. विज्ञापन के परिप्रेक्ष्य में विस्तृत जानकारी प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय शासकीय नागार्जून स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय जिला– रायपुर (छ.ग.) के वेबसाइट में प्रकाशन हेतु इस महाविद्यालय द्वारा प्रेषित किया गया है। अग्रणी महाविद्यालय का वेबसाईट **www-gnscr-ac-in** है।
6. महाविद्यालय का पिन कोड 492001 है।

2.9.26

डॉ. प्रदेश चन्द्र गुप्ता
प्राचार्य
नवीन शासकीय महाविद्यालय
अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य
# नवीन शासकीय महाविद्यालय, अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)

ई मेल– gnc2023amlidih @gmail.com फोन न –7000773900


क्र / स्था / ....211......... / 2026 अमलीडीह रायपुर दिनांक 02.09.2026

परिशिष्ट – 01 अ

„ अतिथि ग्रंथपाल / क्रीड़ाधिकारी एंव अन्य हेतु संक्षिप्त विज्ञापन „,

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का पत्र क्र. ESTB-2035/637/2026-RAJPATRI STHAPANA नवा रायपुर दिनांक 18.08.2026 एवं उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क्र- ESTB-1027/1216/2025/38-1 दिनांक 18.08.2026 के अनुसार नवीन शासकीय महाविद्यालय, अमलीडीह जिला– रायपुर (छ.ग.) ग्रंथपाल, क्रीड़ाधिकारी पदो पर व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि ग्रंथपाल , अतिथि क्रीड़ाधिकारी एंव ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन दिनांक 16.09.2026 को सायं 05:00 बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा स्वयं / वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) आवेदन जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

## आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–

1. अतिथि ग्रंथपाल , अतिथि क्रीड़ाधिकारी , ग्रंथालय सहायक एंव क्रीड़ा सहायक पद पर कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएँ तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि ग्रंथपाल , अतिथि क्रीड़ाधिकारी एंव ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालयों में कार्य करने के लिए बिन्दु 1 के समान न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता के साथ–साथ आवेदकों को अंग्रेजी माध्यम से अध्यापन का अनुभव तथा अध्यापन के दौरान छात्र/छात्राओं से अंग्रेजी माध्यम से संवाद कर पाठ्य–विषय से संबंधित जिज्ञासाओं का भी निराकरण करने में सक्षम होना अनिवार्य होगा। इस हेतु आवेदक अभ्यर्थियों की व्यवस्था राज्य स्तरीय गठित समिति के द्वारा क्षमता एवं दक्षता के आधार पर निर्धारित की जायेगी।
3. आयु सीमा अतिथि ग्रंथपाल , अतिथि क्रीड़ाधिकारी , ग्रंथालय सहायक एंव क्रीड़ा सहायक पद हेतु अधिकतम 62 वर्ष तक।
4. छत्तीसगढ़ में अतिथि व्यख्याता भर्ती नियमों के अनुसार यदि मेरिट सूची में एक ही श्रेणी के दो अभ्यार्थियों के अंक समान होते है तो राज्य के मूल निवासी को वरीयता दी जाएगी।

## विषय /पदों का विवरण :–

| क्र | विषय | रिक्त पदों एंव संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | सहायक प्राध्यापक | ग्रंथपाल | क्रीड़ाधिकारी |
| 1 | पद | निरंक | 01 | 01 |

टीप :– संबंधित पद हेतु नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरुद्ध कार्यरत अतिथि ग्रंथपाल , अतिथि क्रीड़ाधिकारी , ग्रंथालय सहायक एंव क्रीड़ा सहायक एंव अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।

शर्तें:–

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम.फिल./पी.एच.डी., अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक 16.09.2026 तक साय 05:00 बजे तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं/वाहक के हस्ते उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित समय में प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जा सकेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन मान्य नहीं होंगे।
3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार प्राप्त आवेदनों की मेरिट सूची तैयार की जायेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 26.09.2026 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।
5. अनंतिम सूची पर दावा आपत्ति की तिथि 29.09.2026 तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 01.10.2026 को किया जायेगा। जिसका अवलोकन प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय शासकीय नागार्जून स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.) की वेबसाइट **www-gnscr-ac-in** एंव महाविद्यालय के सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय गैर न्यायिक शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरुद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई हैं।
8. चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में उसे पुनः सम्मिलित किया जाना संभव नहीं होगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एंव अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. **मानदेय**

    अतिथि व्यख्याता नियम के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा।

    अ. अतिथि व्याख्याता 2000/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 50,000–)

    ब. अतिथि ग्रंथपाल/क्रीड़ा अधिकारी 1600/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 40,000–)

    स. अतिथि शिक्षक सहायक 1400/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 35,000–)

    द. अतिथि ग्रंथपाल सहायक/अतिथि क्रीड़ा सहायक 1200/– प्रति कार्य दिवस (प्रतिमाह अधिकतम 30,000–)
11. आवेदक बंद लिफाफे के ऊपर नवीन शासकीय महाविद्यालय, अमलीडीह रायपुर (छ.ग.) एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रूप से लिखें।
12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किये गए अतिथि ग्रंथपाल , अतिथि क्रीड़ाधिकारी एंव ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगे।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत अतिथि ग्रंथपाल , अतिथि क्रीड़ाधिकारी एंव ग्रंथालय सहायक / क्रीड़ा सहायक यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जायेगी।
14. चयनित आवेदकों को सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. ग्रंथपाल एंव क्रीड़ाधिकारी के कार्य संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा गतिविधियाँ, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नेक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में भी ये सहयोग करेंगे।
16. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में उनकी कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायत प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जा सकेंगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्र में कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

डॉ. [signature] चन्द्र गुप्ता 1.9.2026

प्राचार्य

प्राचार्य

नवीन शासकीय महाविद्यालय

अमलीडीह, रायपुर (छ.ग.)